**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**02.08.2025/प्रादेशिक समाचार/19:45बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के रूप में किसानों को 20 हजार 5 सौ करोड़ रुपये किए जारी ।
- प्रधानमंत्री ने सभी से वोकल फॉर लोकल को प्राथमिकता देने की अपील की।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आपदा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए एक बीघा वन भूमि आवंटित करने की अनुमति देने का केंद्र से किया आग्रह।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आपदा प्रभावितों के लिए राहत सामग्री की रवाना—मंडी में बादल फटने से हुए नुकसान का लिया जायजा।
- प्रदेश के कई जिलों में मॉनसून की वर्षा रूक—रूक जारी—ऊना में 24 घंटों के दौरान वर्षा ने तोड़ा पिछले 5 दशकों का रिकॉर्ड।

**पीएम—किसान किस्त**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वाराणसी से किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की और देश भर के 9 करोड़ 70 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में 20 हजार पांच सौ करोड़ रुपये अंतरित किए गए। इस अवसर पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि किसानों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का एक उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत अब तक किसानों के खातों में 3 लाख 75 हजार करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं।

आज यहां एक विराट किसान उत्सव आयोजन हो रहा है, देश के 10 करोड़ किसान भाइयों, बहनों के खातों में 21 हजार करोड़ रुपए पीएम किसान सम्मान निधि के रूप में भेजे गए हैं और जब काशी से धन जाता है ना वो तो अपने आप प्रसाद बन जाता है।

प्रधानमंत्री ने सभी से वोकल फॉर लोकल को प्राथमिकता देने की अपील की और कहा कि वे त्योहारों के मौसम में स्थानीय उत्पादों को ही प्राथमिकता दें। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद, वे पहली बार काशी आए हैं और बाबा विश्वनाथ की कृपा से भारत ने पहलगाम हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाया है।

**आज मैं ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार काशी आया हूं, काशी के मेरे मालिकों, मैंने अपनी बेटियों के सिंदूर का बदला लेने का जो वचन दिया था, वह पूरा हुआ है, यह**

**महादेव के आशीर्वाद से ही संभव हुआ है, मैं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को उनके चरणों में समर्पित करता हूं।**

**भेंट**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से भेंट की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को हाल ही में राज्य में बादल फटने और भारी बारिश के कारण हुए नुकसान से अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मानसून के दौरान भवनों, बुनियादी ढांचे, सड़कों, पुलों, जलापूर्ति योजनाओं, आवासीय संपत्तियों के अलावा बहुमूल्य मानव जीवन को भी भारी नुकसान हुआ है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने केंद्रीय मंत्री से भूमिहीन आपदा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए एक बीघा वन भूमि आवंटित करने की अनुमति देने का आग्रह किया।

**सुक्खू**

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विधि, मानवाधिकार व आरटीआई विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में संवैधानिक चुनौतियां– परिप्रेक्ष्य एवं मार्ग के दूसरे सत्र की अध्यक्षता की। 'धर्म और संविधान' विषय पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्म व्यक्तिगत आस्था का विषय है और राज्य का दृष्टिकोण धर्मनिरपेक्ष होना चाहिए। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हमारे देश में प्रत्येक धर्म का सम्मान किया जाता है और देश की विविधता ही देश की ताकत है।

**साईबर एडवाईजरी**

प्रदेश में डिजिटल अरैस्ट फ्रॉड के मामलों में बढ़ौतरी हो रही है। साईबर क्राईम पुलिस के मुताबिक प्रदेश में वर्ष 2024–25 में अब तक डिजिटल अरैस्ट के 12 मामले दर्ज हुए हैं। राज्य सीआईडी साईबर क्राईम शिमला के पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार ने बताया कि इन मामलों में लोगों से 5 करोड़ 91 लाख रूपए से अधिक की ठगी की गई है। उन्होंने कहा कि हालांकि साईबर पुलिस की सर्तकता से इनमें से करीब 33 लाख पांच हजार से अधिक की धनराशि रिकवर भी की गई है। दिनेश कुमार ने कहा कि साईबर क्राईम पुलिस ने प्रदेश में साईबर अपराध के बढ़ते मामलों को लेकर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज राजभवन शिमला से मंडी व कुल्लू जिलों में आपदा प्रभावितों के लिए तीन गाड़ियों में राहत सामग्री को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि मंडी में आपदा प्रभावितों के लिए राहत सामग्री भेजी गई है और जरूरत के

मुताबिक और भी राहत सामग्री भेजी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हुई मुलाकात को लेकर राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री हिमाचल प्रदेश की आपदा को लेकर चिंतित है।

***इसके पहले भी तीन गाड़ियां यहां से राजभवन से रेड क्रॉस के द्वारा भेजी गई थी, अब तीन पुनः भेजी गई है, जिसमें एक कुल्लू भी जाएगी और दो मंडी के लिए रहेगी, 300 400 परिवारों के लिए एक–एक गाड़ियों में हम भर कर के भेज रहे हैं।***

राज्यपाल ने कहा कि केन्द्र सरकार हिमाचल को पर्याप्त मदद दे रही है और तालमेल ही हर समस्या का हल है।

***सरकार अगर केंद्र के समझ कुछ रखना है तो जाकर के रख सकती है, केंद्र हमेशा हिमाचल को सहायता दे रहा है, हमेशा दे रहा है और जब–जब ये मांगते हैं तब तब देता है, इनके मंत्री जी भी जाकर के जब वहां मांगते हैं तो भी संबंधित मंत्रियों के द्वारा भी हिमाचल को सहायता दी जाती है, मुझे लगता है कि तालमेल ही सब कुछ का हल है.***

इस बीच राज्यपाल आज बाद दोपहर मण्डी पहुंचे और आपदा प्रभावितों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने मण्डी के जेल रोड़ में बादल फटने से हुए भारी नुकसान का जायजा भी लिया। मंडी के उपायुक्त अपूर्व देवगन ने राज्यपाल को जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में चलाए जा रहे राहत व पुनर्वास कार्यों की जानकारी दी।

**मौसम**

प्रदेश के कई जिलों में आज मॉनसून की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी रहा। कई इलाकों में भारी बारिश के कारण सामान्य जन जीवन प्रभावित हुआ है। ऊना जिला में पिछले 24 घंटों के दौरान सबसे अधिक 258 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई जो पिछले पांच दशकों में अब तक की सबसे अधिक है। मौसम विभाग के अनुसार 6 घंटों में सबसे अधिक एक सौ 98 मिलीमीटर वर्षा सन 1988 में दर्ज की गई थी। भारी वर्षा के कारण जिले के विभिन्न हिस्सों में कई घर, व्यवसायिक प्रतिष्ठान और फसलें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने प्रभावितों को तत्काल राहत प्रदान करने और पुर्नवास कार्यों में तेजी लाने के जिला प्रशासन को निर्देश जारी किए हैं। प्रदेश में भारी वर्षा व भूस्खलन से एक राष्ट्रीय उच्च मार्ग सहित चार सौ तीन सड़क मार्ग अवरूद्ध है। इसके अलावा चार सौ 11 बिजली ट्रांसफार्मर और एक सौ 96 पेयजल योजनाएं ठप्प पड़ी है। प्रदेश में इस मॉनसून सीजन के दौरान अब तक वर्षा जनित हादसों में एक सौ 79 लोगों की मृत्यु हो चुकी है जबकि 36 अन्य लापता हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज व कल प्रदेश के कई इलाकों में भारी वर्षा का येलो अर्ट जारी किया गया है।

**सिकंदर**

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार के दोबारा लॉटरी शुरू करने के निर्णय की कड़ी निंदा की है। एक बयान में उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री ने चार दिन तक लगातार कैबिनेट बैठकें करके जनविरोधी निर्णय ही लिए हैं। सिकंदर कुमार ने कहा कि पहले जॉब ट्रेनी और अब लॉटरी शुरू करने के निर्णय से प्रदेश का युवा वर्ग पूरी तरह निराश व हताश है। उन्होंने कहा कि सरकार का ये निर्णय प्रदेश के लिए किसी अभिशाप से कम नही।

**धूमल**

इस बीच वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मुख्यमंत्री प्रौफेसर प्रेम कुमार धूमल ने प्रदेश सरकार के राज्य में लॉटरी को दोबारा शुरू करने के निर्णय की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा है कि ये फैसला प्रदेश को बर्बादी की तरफ ले जाएगा और हजारों परिवारों के लिए आर्थिक संकट का कारण बनेगा।

**''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के रूप में किसानों को 20 हजार 5 सौ करोड़ रुपये किए जारी ।
- प्रधानमंत्री ने सभी से वोकल फॉर लोकल को प्राथमिकता देने की अपील की।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आपदा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए एक बीघा भूमि आवंटित करने की अनुमति देने का केंद्र से किया आग्रह।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आपदा प्रभावितों के लिए राहत सामग्री की रवाना–मंडी में बादल फटने से हुए नुकसान का लिया जायजा।
- प्रदेश के कई जिलों में मॉनसून की वर्षा रूक–रूक जारी–ऊना में 24 घंटों के दौरान वर्षा ने तोड़ा पिछले 5 दशकों का रिकॉर्ड।

---